CBSE Class 6 Social Science Important Questions Civics Chapter 6 नगर प्रशासन

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
नगरपालिका से क्या आशय है?
उत्तर:
नगरपालिका छोटे नगरों के स्थानीय स्वशासित निकाय को कहते हैं।

प्रश्न 2.
कर क्या है?
उत्तर:
कर वह धनराशि है जिसे लोग सरकार द्वारा सेवाएँ प्रदान करने हेतु सरकार को देती है।

प्रश्न 3.
जिला कलेक्टर कौन है?
उत्तर:
जिला कलेक्टर केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त एक अधिकारी है जो कि एक राज्य में एक जिले का शीर्ष अधिकारी होता है।

प्रश्न 4.
निगम पार्षदों की समिति द्वारा लिए गए निर्णयों को कौन लागू करता है?
उत्तर:
निगम का आयुक्त उन निर्णयों को लागू करता है।

प्रश्न 5.
निगम की परिषद के समक्ष बाई की मांगों को कौन रखता है?
उत्तर:
वार्ड का पार्षद निगम की परिषद के समक्ष वार्ड की मांगों को रखता है।

प्रश्न 6.
नगर निगम के प्रमुख को क्या कहते हैं?
उत्तर:
महापौर मेयर।

प्रश्न 7.
नगर निगम का मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कौन होता है?
उत्तर:
निगम आयुक्त।

प्रश्न 8.
बड़े नगरों की स्थानीय स्वशासन की संस्था को क्या कहते हैं?
उत्तर:
नगर निगम।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
नगर निगम का गठन किस प्रकार होता है?
अथवा
नगर निगम के संगठन को स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
नगर निगम पार्षदों, महापौर, उपमहापौर, निगमआयुक्त तथा अन्य कर्मचारियों से मिलकर बनता है। नगर निगम में समूचे शहरे को कुछ वार्डों में विभाजित किया जाता है। प्रत्येक वार्ड के लोग वयस्क मताधिकार द्वारा अपने वार्ड का प्रतिनिधि चुनते हैं जिसे पार्षद कहा जाता है और पूरे शहर के लोग वयस्क मताधिकार द्वारा नगर निगम के मुखिया को चुनते हैं जिसे महापौर या मेयर कहा जाता है। निर्वाचित सदस्य अपनों में से ही उपमहापौर चुनते इसके अतिरिक्त नगर निगम के निर्णयों का रिकार्ड रखने तथा उनको कार्यान्वित करने के लिए सरकार द्वारा निगम आयुक्त व अन्य कर्मचारियों को नियुक्त किया जाता है।

प्रश्न 2.
नगर निगम के मुख्य कार्य लिखिए।
उत्तर:
नगर निगम के मुख्य कार्य:

1. नगर में जल - आपूर्ति, विद्युत तथा सफाई की व्यवस्था करना।
2. महामारियों से बचाव, अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों व औषधालयों को व्यवस्था करना।
3. विद्यालयों तथा सार्वजनिक पुस्तकालयों की व्यवस्था करना।
4. पालनापरों, अनाथालयों तथा शिशु कल्याण केन्द्रों की व्यवस्था करना।
5. श्मशान घाट / कब्रिस्तान तथा जन्म / मृत्यु के पंजीकरण की व्यवस्था करना।

प्रश्न 3.
नगर निगम की चार मुख्य समितियों के नाम लिखिए।
उत्तर:

- स्वच्छता व सफाई समिति
- शिक्षा समिति
- जल आपूर्ति समिति
- विद्युत आपूर्ति समिति।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 4.
एक गाँव और एक नगर में क्या अन्तर हैं?
उत्तर:
एक गाँव और एक नगर में अन्तर:

1. एक गाँव के मुकाबले शहर ज्यादा बड़ा और अधिक फैला हुआ होता है।
2. एक गाँव के मुकाबले शहर की गलियाँ ज्यादा चौड़ी. होती है, गाँव के बाजारों की तुलना में यहाँ के बाजारों में ज्यादा भीड़ - भाड़ होती है।
3. एक नगर में गाँव की अपेक्षा पानी, बिजली और अस्पताल की ज्यादा सुविधाएँ होती हैं।
4. गाँव की तुलना में नगर में ज्यादा वाहन होते हैं और यातायात को नियंत्रित करना पड़ता है।